# राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान

**(भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा स्थापित और निफ्ट अधिनियम 2006 द्वारा शासित एक सांविधिक निकाय)**

निफ्ट/मुख्यालय/उप-निदेशक (वित्त एवं लेखा)-II/टैली सेवाओं के लिए विक्रेता की नियुक्ति/2019-20

# निफ्ट मुख्यालय और देशभर में इसके कैम्पसों के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार में सूचीबद्ध क्लाउड पर केंद्रीयकृत होस्ट सेवा प्रदाता से टैली ईआरपी -9 (गोल्ड बहु-प्रयोगकर्ता लाइसेंस) पैकेज की आपूर्ति, ग्राहकीकरण, रोलआउट और रखरखाव के लिए निविदा सूचना

ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तारीख : **22.08.2019**

ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख : **12.09.2019**

निविदा **जारीकर्ता:**

निफ्ट, मुख्यालय,

हौज़ खास, नई दिल्ली

# विषय-सूची


| क्र सं | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | निफ्ट के बारे में | 3 |
| 2. | निविदा का प्रयोजन | 3 |
| 3. | आवेदन कैसेकरें | 4 - 6 |
| 4. | पात्रतामानदंड | 6 - 8 |
| 5. | कार्य-क्षेत्र और प्रदत्त की जाने वाली सेवाएं<br>चरण 1<br>चरण 2<br>चरण 3 | <br>8 - 10<br>10 - 11<br>12 |
| 6. | निबंधन और शर्तें | 12 - 13 |
| 7. | वित्तीय बोली के दिशा-निर्देश | 13 - 14 |
| 8. | निर्धारित समय-सीमाऔर भुगतान की शर्तें | 14 |
| 9. | अनुबंध- I- तकनीकी बोली का प्रपत्र | 15 - 16 |
| 10. | अनुबंध-2- वित्तीय बोली का प्रपत्र | 17 |

**विषय : निफ्ट मुख्यालयतथा पूरे भारत में इसके कैंपसों हेतु इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग(डी.ई.आई.टी.वाई), भारत सरकार के साथनामिकागत(इम्पैनल्ड) क्लाउड सेवा प्रदाता पर केंद्रीकृत होस्टेड टैली ई.आर.पी-9(गोल्ड मल्टी यूजर लाइसेंस) पैकेज की आपूर्ति,कॅस्टमाइजेशन, रोलआउट और अनुरक्षण हेतु निविदा आमंत्रण सूचना।**

## 1. निफ्ट के बारे में

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) की स्थापना भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा 1986 में की गई, जिसे फैशन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में संवर्धन और शिक्षा व अनुसंधान के विकास के लिए 2006 में संसद के अधिनियम (निफ्ट अधिनियम 2006) के अंतर्गत सांविधिक दर्जा प्रदान किया गया है।

निफ्ट अपने 16 केंद्रों के नेटवर्क के माध्यम से देश भर में फैशन व्यवसाय के क्षेत्र में शिक्षा प्रदान करता है। यह डिजाइन और प्रौद्योगिकी में चार वर्षीय स्नातक (यूजी) पूर्व-डिजाइन, फैशन प्रबंधन और फैशन प्रौद्योगिकी में दो वर्षीय स्नातकोत्तर और फैशन के क्षेत्र में पेशेवरों और छात्रों की विशेष पाठ्यक्रम (पीजी) आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अल्पावधि शिक्षा पाठ्यक्रम प्रदान करता है।

निफ्ट का मुख्यालय नई दिल्ली में है और इसके कैंपस बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, चेन्नई, दिल्ली,गांधीनगर, हैदराबाद, जोधपुर, कांगड़ा, कन्नूर, कोलकाता, मुंबई, नई दिल्ली, पटना, रायबरेली, शिलांग और श्रीनगर में हैं।

**2. निविदा का प्रयोजन :**

(i) वर्तमान मेंनिफ्ट निश्चित कॅस्टोमाइजेशन्स सहित टैली ई.आर.पी. 9 के 6.5.0 संस्करण(वर्जन) का उपयोग कर रहा है जो निफ्ट की लेखांकन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए वर्ष 2014 में संस्थापितकिया गया था।

(ii) वर्तमान में निफ्ट में मौजूद एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर जो मुख्य व्यावसायिक(कोर बिजनेस) कार्यों का समर्थन कर रहा है, प्रचलित रूप में एकीकृत नहीं है। निफ्ट का मौजूदा स्टैंडअलोन टैली पैकेजों को बदलने का विचारहै, जिनका केंद्रीकृत और एकीकृत एंटरप्राइज-वाइड के साथ 16 स्थानों पर उपयोग किया जाता है, जो एक मजबूत टैली ई.आर.पी. पैकेज का उपयोग करता है, जिसका उपयोग लेखांकन उद्देश्यों हेतु निफ्ट की सभी इकाइयों द्वारा किया जाएगा।

(iii)इसके लिए विक्रेता को निविदा दस्तावेज में उल्लेखानुसार कार्य के वांछित कार्य-क्षेत्रके अनुसार आवश्यक कॅस्टमाइजेशन सहित इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग(डी.ई.आई.टी.वाई), भारत सरकार के साथ नामिकागत(इम्पैनल्ड) डेटा सेंटर सेवा प्रदाता के साथ होस्ट की गई सेवा के रूप में डेटा केंद्र एवं आपदा बहाली पर पूर्ण आई.टी आधारिक संरचना प्रदान करना आवश्यक होगा।

(iv) इसके अतिरिक्त निफ्ट के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने, एक विस्तृत प्रक्रिया नियमावली(अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न) का स्वरूप तैयार करने और संविदा प्रदान किए जाने की तिथि से 01 वर्ष की अवधि हेतु वार्षिक अनुरक्षण दिए जाने की कार्य-क्षेत्र पर भी विचार किया जाएगा। यदि कार्य-निष्पादन संतोषजनक पाया जाता है तो वार्षिक आधार पर दो वर्षों के लिए विस्तार किया जा सकता है।

(v) उपर्युक्त हेतु 5 स्टार जी.वी.एल.ए. टैली भागीदारों से टैली परियोजनाओं(प्रोजेक्ट्स) को संभालने के लिए बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।

(vi) निफ्ट मुख्यालय, निफ्ट के सम्पूर्ण भारत में स्थित 16 परिसर और निफ्टके आगामी 3-4 केंद्रों में यह सेवाएं प्रदान की जानी हैं। यदि आवश्यक हो, तो सॉफ्टवेयर पर सभी संबंधित ऐड सहित टैली सॉफ्टवेयर को इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग(डी.ई.आई.टी.वाई), भारत सरकार के साथ नामिकागतक्लाउड सेवा प्रदाता के डेटा सेंटर पर होस्ट करना होगा। आपदा बहाली स्थल होना चाहिए और डी.सी. एवं डी.आर दोनों को एक सेवा मॉडल पर प्रस्तुत किया जाना होगा।

**3. आवेदन कैसे करें :**

(i) निफ्टमुख्यालयतथा इसके कैंपसों हेतु इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग(डी.ई.आई.टी.वाई), भारत सरकार के साथनामिकागत(इम्पैनल्ड) क्लाउड सेवा प्रदाता पर केंद्रीकृत होस्टेडटैली ई.आर.पी-9(गोल्डमल्टीयूजर लाइसेंस) पैकेज की आपूर्ति,कॅस्टमाइजेशन, रोलआउट और अनुरक्षण हेतुदो बोली प्रणाली अर्थात् तकनीकी बोली एवं वित्तीय बोली में पात्र बोलीदातासे निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

(ii) इच्छुक बोलीदाताको ऑनलाइन आवेदन करना चाहिए और अपने तकनीकी एवं वित्तीय बोलियों के समर्थन में सभी प्रासंगिक प्रमाणपत्रों, दस्तावेजों आदि की विधिवत् हस्ताक्षरित स्कैन प्रतियों के साथ अपनी निविदा और बोलियों को **22.08.2019 को प्रात: 10.00 बजे से 12.09.2019 को अपराहन 03.30 बजे** तक **https://nifttenders.eproc.in** पर प्रस्तुत करना चाहिए। निफ्टकी वेबसाइट अर्थात् https://nifttenders.eproc.in/http://www.nift.ac.inके "निविदा" लिंक पर निविदा दस्तावेज देखने हेतु उपलब्ध हैं ।

(iii) इस निविदा के लिए आवेदन केवल https://nifttenders.eproc.in के माध्यम से ऑनलाइन माध्यम द्वारा ही स्वीकार किए जाएंगे।आवेदन के किसी अन्यमाध्यम पर विचार नहीं किया जाएगा और आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(iv) ऑनलाइन आवेदन करने के लिए इच्छुक बोलीदाता को भुगतान करके https://nifttenders.eproc.in पर अपना पंजीकरण करवाना होगा।

- वार्षिक पंजीकरण शुल्क रुपए2000+जी.एस.टी. (गैर वापसीयोग्य)
- बोली प्रोसेसिंग शुल्क रुपए3200+जी.एस.टी. (गैर वापसीयोग्य)

(v) बोलीदाता को पंजीकरण का अनुमोदन और निविदा को सफलतापूर्वक जमा करने के लिए उपर्युक्त दो शुल्क का भुगतान करना अनिवार्य रूप से करने की अपेक्षा है, ऐसा नहीं करने पर फर्म ई-टेंडर में भाग नहीं ले पाएगी।

(vi) ऑनलाइन निविदा के पंजीकरण और आवेदन करने हेतु मूल अपेक्षाएं निम्नानुसार हैं :

- ऑपरेटिंग सिस्टम कम से कम विंडोज 7 होना चाहिए।
- जावा संस्करण(वर्जन) : जावा 8 अद्यतन 25
- इंटरनेट एस्प्लोरर 11 का उपयोग करें।
- सभी जावा ऐड-ऑन को सिस्टम में सक्षम होना चाहिए।
- क्लास III बी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट(डी.ए.सी.) का हमेशा साइनिंग और एन्क्रिप्शन दोनों का हमेशा एकसाथ उपयोग करें।

(vii) बोलीदाताको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह निविदा हेतु आवेदन करने से पहले उपर्युक्त अपेक्षाएं का अनुपालन करता है। इसके अलावा, इच्छुक बोलीदाता को सभी प्रासंगिक सहायक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन प्रस्तुत आवेदन की हार्ड कॉपी **12.09.2019 को अपराह्न 03.30** बजे तक जमा करनी चाहिए। निर्देशानुसार हार्डकॉपी जमा नहीं करने पर निविदा आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(viii) निविदा की मुहरबंद हार्ड कॉपी को एक बड़े लिफाफे में प्रस्तुत किया जाएगा जिसके ऊपर "राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान मुख्यालय और इसके कैंपसों में उपयोग किए जाने वाले टैली संस्करण(वर्जन) हेतु क्लाउड सर्वर स्पेस, बैकअप सेवाएं, समस्या निवारण(ट्रबॅलशूटिंग) सेवाएं और वार्षिक अनुरक्षण प्रदान करने हेतु निविदा दस्तावेज" लिखा होना चाहिए जिसमें दो अलग-अलग मुहरबंद छोटे लिफाफे, एक जिसके ऊपर अनुबंध-I के अनुसार "तकनीकी बोली"और दूसरा अनुबंध-II के अनुसार "वित्तीय बोली" और लिफाफे पर निदेशक(वित्त एवं लेखा), राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, द्वितीय तल, प्रशासनिक खंड,निफ्ट परिसर, हौज खास, निकट गुलमोहर पार्क, नई दिल्ली - 110016 लिखा होना चाहिए। मुहरबंद निविदा द्वितीय तल, प्रशासनिक खंड,निफ्ट, नई दिल्ली-110016 मुख्यालय स्थित निविदा बॉक्स में **12.09.2019 को 03.30** बजे अथवा उससे पहले डाल देनी चाहिए।

(ix) तकनीकी बोली लिफाफामेंअनुबंध-I के अनुसार निर्धारित प्रपत्रमें तकनीकी बोली होनी चाहिए जिसके साथ पात्रता और अनुभव मानदंड के समर्थन में सभी प्रासंगिक दस्तावेजों सहित **राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान** के पक्ष में और नई दिल्ली में देय रुपए 50,000/-(रुपए पचास हजार मात्र) का बयाना जमा राशि(वापसीयोग्य किन्तुब्याज रहित) संलग्न हो।

(x) वित्तीय बोली लिफाफामेंअनुबंध-II के अनुसार केवल वित्तीय बोली होनी चाहिए और इसमें निविदा के कार्य-क्षेत्र के अनुसार वस्तुओं और सेवाओं के लिए सभी लागत शामिल होगी। निफ्टवित्तीय बोली में दर्शाए गए व्यावसायिक शुल्क /प्रभारों आदि के अलावा किसी भी दावे को स्वीकार नहीं करेगा।

(xi) एम.एस.एम.ई. कंपनियों को बयाना जमा राशि जमा करने से छूट है ।

(xii) बयाना जमा राशि के साथ प्राप्त नहीं होने वाली बोलियों को सरसरीतौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा। इसके अलावा,असफल बोलीदाताओं कोL1 को निविदा देने के बाद बयाना जमा राशि वापस कर दी जाएगी। हालाँकि, सफल बोलीदाता के मामले में निष्पादन गारंटी प्राप्त होने के बाद बयाना जमा राशिवापस कर दी जाएगी।

(xiii) सफल निविदाकार को निफ्ट, मुख्यालय, नई दिल्ली के पक्ष में वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी/सावधि जमा के रूप में उद्धृत धनराशि के 5% की निष्पादन गारंटी जमा करनी होगी, जो एक वर्ष के अनुबंध की अवधि की समाप्ति और आगे नवीकरणीय से परे 60 दिनों के लिए वैध होगी।यह सभी मामलों में समझौते के उचित निष्पादन के लिए होगा।महानिदेशक, निफ्टके पास जुर्माने की वसूली अथवा अन्य कोई देयों हेतु इस धनराशि का पूरा अथवा इसके किसी भाग को समायोजित करने का अधिकार होगा।इस खंड के अनुसरण में उसके द्वारा लिए गए निर्णय के विरूद्ध किसी भी प्राधिकरण के पास कोई भी अपील की जा सकेगी ।

(xiv) निफ्ट में जमा किए गए बयाना जमा राशि/प्रतिभूति जमा पर निफ्ट,किसी ब्याज का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। सफल बोलीदाताको निविदा की स्वीकृति के 15 दिनों के भीतर निष्पादन प्रतिभूति को जमा करना होगा और काम शुरू करना होगा अन्यथा संविदा समाप्त कर दिया जाएगा और बयाना जमा राशि को जब्त कर लिया जाएगा।

(xv) बोलीदाताओं/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों,उपस्थित होने के इच्छुक, की उपस्थिति में तकनीकी बोलीयों **12.09.2019 को अपराह्न 04.00 बजे** निफ्ट, मुख्यालय, द्वितीय तल, लेखा विभाग में खोला जाएगा। वित्तीय बोली खोलने की तारीख की सूचना केवल उन्हीं बोलीदाता को दी जाएगी, जो तकनीकी बोलियों के मूल्यांकन के बाद तकनीकी रूप से योग्य पाए जाएंगे।

(xvi) इच्छुक बोलीदाताको सलाह दी जाती है कि वे अपनी निविदा प्रस्तुत करने से पहले पूरे निविदा दस्तावेज को ध्यानपूर्वक पढ़े और निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन प्राप्त नहीं होने पर और/अथवा किसी भी प्रकार से अधूरे पाए गए दस्तावेजों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(xvii) बोली से जुड़े सभी दस्तावेज सुपाठ्य और स्व-सत्यापित और पी.डी.एफ प्रारूप में और वायरस से मुक्त होने चाहिए। यदि दस्तावेज़ वायरस/करप्ट फाइल के कारण निफ्ट की साइट पर नहीं खुलता है/ठीक से अपलोड नहीं किया गया है, तो इसे दस्तावेज न जमा करना समझा जाएगा।

(xviii) कोई भी स्पष्टीकरण उप निदेशक (वित्त एवं लेखा) कार्यालय, राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, निफ्ट. परिसर, हौज खास, निकट गुलमोहर पार्क, नई दिल्ली-110016 से टेलीफोन नंबर 011-26542015/ 011-26542059 पर प्राप्त किया जा सकता है।

(xix) निविदा में भाग लेने और निविदा संबंधी प्रश्न पूछने के इच्छुक उन सभी बोलीदाता के लिए 30.08.2019 को अपराह्न 03.00 बजे पूर्व-बोली बैठक भी आयोजित की जाएगी। पूर्व-बोली बैठक में सभी संभावित बोलीदाता भाग ले सकेंगे। हालांकि, भावी बोलीदाता को बोली सम्मेलनमें भाग लेना अनिवार्य है। उप निदेशक(वित्त एवं लेखा-III) उठाए गए सभी मुद्दों पर स्पष्टीकरण देंगे। इन्हें निफ्ट की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया जाएगा। भावी बोलीदाता के चर्चा/सुझावों के आधार पर प्रस्तावित कोई भी परिवर्तन जिसके लिए निफ्ट सहमत है, उसे निफ्ट की वेबसाइट और ई-निविदा पोर्टल पर इस निविदा के शुद्धिपत्र के माध्यम से सूचित किया जाएगा। यह शुद्धिपत्र निविदा दस्तावेज का हिस्सा होगा।

**4. पात्रता मानदंड :**

| क्रमांक | पात्रता मानदंड | डॉक्यूमेन्टरी अपलोड किया जाना चाहिए |
|---|---|---|
| 1. | बोलीदाता को:<br>• कंपनी अधिनियम,2013 के अधीन भारत में एक पंजीकृत कंपनी/एल.एल.पी होना चाहिए; अथवा<br>• एक पंजीकृत भागीदारी फर्म होना चाहिए; अथवा<br>• एक एकल प्रोप्राइटरशिप होना चाहिए; अथवा<br>• एक सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम/सांविधिक निकाय होना चाहिए | **पंजीकृतकंपनी/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम/सांविधिक निकाय हेतु**<br>• निगमन प्रमाणपत्र की प्रति<br>• संगम ज्ञापन की प्रति<br>• संस्था के अंतर्नियम की प्रति<br>• निदेशकों की वर्तमान सूची<br>**भागीदारी फर्म हेतु**<br>• साझेदारी विलेख की प्रति<br>• भागीदारों की सूची<br>• साझेदारी विलेख के पंजीकरण की प्रति<br>**प्रोप्राइटरशिप हेतु**<br>• प्रोप्राइटरशिप/एकल प्रोप्राइटरशिप की घोषणा<br>**एल.एल.पी हेतु**<br>• सीमित देयता भागीदारी अनुबंध की प्रति<br>• प्रमाणपत्र अथवा पंजीकरण की प्रति<br>• भागीदारों की वर्तमान सूची |
| 2. | टैली परियोजनाओं को संभालने के लिए बोलीदाताओं को फाइव स्टार जी.वी.एल.ए टैली भागीदार होना चाहिए। | बोलीदाता को टैली सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होता है जो उन्हें फाइव स्टार जी.वी.एल.ए टैली भागीदार होने का प्रमाणपत्र देता है । |
| 3. | बोलीदाता को किसी भी राज्य सरकार, केंद्र सरकार अथवा किसी अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अथवा निगम अथवा केंद्र अथवा राज्य सरकार के किसी अन्य स्वायत्त संगठन द्वारा बोली लगाने की अंतिम तिथि तक काली सूची में डाला हुआ नहीं होना चाहिए अथवा अन्यथा विवर्जित नहीं किया हुआ होना चाहिए। | इस संबंध में दिए गए वचन-पत्र पर अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा अनिवार्य रूप से स्याही से हस्ताक्षर किए गए हों। |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | बोलीदाता का पिछले तीन वर्षों अर्थात् वर्ष 2015-16, 2016-17 एवं 2017-18 में औसत लाभ रुपए 5 लाख होना चाहिए। | बोलीदाता को बोली के साथ पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों के लिए लेखापरीक्षित तुलन-पत्र और लाभ एवं हानि खाता के विवरण को संलग्न करना आवश्यक है।<br>जहां निविदाकार अपने खातों का लेखापरीक्षा कराने के लिए वैधानिक दायित्व के अंतर्गत नहीं आता है, वह पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों हेतु कर के बाद अपने वार्षिक कुल बिक्री और लाभ को प्रमाणित करने वाले सनदी लेखाकार का एक सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिसिंग का प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर सकता है। |
| 5. | इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग(डी.ई.आई.टी.वाई) नामिकागत क्लाउड डेटा केंद्र पर टैली के कार्यान्वयन के लिए पिछले 3 वर्ष (एन.आई.टी. के प्रकाशन की तिथि से) में निविदाकार का कार्यनिष्पादन/रोल-आउट अनुभव जिसमें से भारत के न्यूनतम 17 स्थानों पर कम से कम 125+ टैली उपयोगकर्ताओं के साथ 3000 अथवा उससे अधिक कर्मचारी बेस के साथ सरकार/सार्वजानिक क्षेत्र उपक्रम ग्राहक की कम से कम एक परियोजना, एक समान स्तर की रुपए 1 करोड़ अथवा इससे अधिक मूल्य के कार्यादेश के साथ विशिष्ट परियोजना | • ग्राहक पत्र/ई-मेल* (इसमें कार्य की प्रकृति, अनुबंध अवधि, अनुबंध मूल्य, स्थान जहां टैली सेवाएं प्रदान की गई थीं और परियोजना अर्थात् गो-लाइव की वर्तमान स्थिति अथवा पूर्ण<br>**अथवा**<br>• कार्यादेश/संविदाआदेश/जॉब आदेश और स्व-प्रमाणपत्र की प्रति जिसमें कार्य की प्रकृति,संविदा अवधि,संविदा मूल्य, लोकेशन, जहां सेवाएं प्रदान की गई थी और परियोजना की वर्तमान स्थिति(अर्थात् गो-लाइव अथवा पूर्ण) को स्व-प्रमाणपत्र के साथ निर्दिष्ट करना चाहिए। स्व प्रमाणपत्र को सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए)<br>* ई-मेल क्लाइंट के आधिकारिक ई-मेल आई.डी से होना चाहिए। |
| 6. | पूरे भारत में 17 से अधिक स्थानों को कवर करते हुए सरकार/इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग नामिकागत क्लाउड पर होस्टेड सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के लिए पिछले 2 वर्ष में 01 सरकारी आदेश को सफलतापूर्वक चलाया/पूरा किया हो । | • ग्राहक पत्र/ई-मेल* (इसमें कार्य की प्रकृति, अनुबंध अवधि, अनुबंध मूल्य, स्थान जहां टैली सेवाएं प्रदान की गई थीं और परियोजना अर्थात् गो-लाइव की वर्तमान स्थिति अथवा पूर्ण<br>**अथवा**<br>• कार्यादेश/संविदा आदेश/जॉब आदेश और स्व-प्रमाणपत्र की प्रति जिसमें कार्य की प्रकृति,संविदा अवधि,संविदा मूल्य, |

| | | |
|---|---|---|
| | | लोकेशन,जहां सेवाएं प्रदान की गई थी और परियोजना की वर्तमान स्थिति(अर्थात् गो-लाइव अथवापूर्ण) स्व-प्रमाणपत्र के साथ निर्दिष्ट करना चाहिए। स्व प्रमाणपत्र को सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए)<br>• ई-मेल क्लाइंट के आधिकारिक ई-मेल आई.डी से होना चाहिए। |
| 7. | जिस डेटा केंद्र पर निफ्ट के टैली को होस्ट किया जाएगा उसे डी.ई.आई.टी.वाई, भारत सरकार के साथ नामिकागत किया जाएगा। | लेटर हेड पर बोलीदाता द्वारा एक घोषणा पत्र दिए जाना चाहिए। बोलीदाता को अनुबंध के बाद डेटा सेंटर में किसी भी बदलाव के मामले में, इस प्रकार के बदलाव के 15 दिनों के भीतर एक नई घोषणा प्रस्तुत करनी होगी। |
| 8. | पिछले तीन वर्षों अर्थात् वर्ष 2015-16, 2016-17 और 2017-18 हेतु बोलीदाता की वार्षिक कुल बिक्री(टर्न ओवर) कम से कम रुपए 1 करोड़ होना चाहिए । | पिछले तीन वर्षों के लिए लेखापरीक्षक से कुल बिक्री का प्रमाणपत्र जमा किया जाना चाहिए अथवा लेखापरीक्षा तुलन-पत्र और लाभ और हानि खाते की एक प्रति भी प्रस्तुत की जा सकती है । |
| 9. | बोलीदाता का एन.सी.आर में अपना कार्यालय होना चाहिए । | जी.एस.टी प्रमाणपत्र के साथ एन.सी.आर में पंजीकृत कार्यालय अथवा शाखा कार्यालय के पते का प्रमाण प्रस्तुत किया जा सकता है। |
| 10. | बोलीदाता को आई.एस.ओ. 9001 प्रमाणित होना चाहिए। | आई.एस.ओ. 9001 प्रमाणपत्र की प्रति |
| 11. | आयकर और जी.एस.टी विभाग में पंजीकरण | पैन कार्ड की प्रति और जी.एस.टी पंजीकरण की प्रति प्रस्तुत की जानी चाहिए।<br>(आयकर विभाग और / अथवा जी.एस.टी.एन आदि के साथ पंजीकरण के लिए आवेदन को वैध दस्तावेज नहीं माना जाएगा) |
| 12. | अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता | • लिमिटेड कंपनी के लिए- अधिकृत हस्ताक्षरकर्ताके पक्ष में बोर्ड संकल्प की प्रतिलिपि अथवा बोर्ड संकल्प की प्रति और प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में पावर ऑफ अटॉर्नी।<br>• साझेदारीफर्म/एल.एल.पी के लिए- सभी |

| | | |
|---|---|---|
| | | भागीदारों द्वारा पावर ऑफ अटॉर्नी प्रस्तुत करनी होगी। |

5. **प्रतिपादित किए जाने वाले कार्य एवं सेवाओं का कार्य-क्षेत्र :** इस परियोजना के 3 चरण होंगे जो निम्नलिखित हैं :

**चरण1**

इस परियोजना के पहले चरण में टैली ई.आर.पी 9 बहु उपयोगकर्ता(मल्टी यूजर) गोल्ड लाइसेंस के नवीनतम संस्करण की आपूर्ति सेवा मॉडल पर डी.ई.आई.टी, भारत सरकार के साथ नामिकागत क्लाउड सेवा प्रदाता के डी.सी. तथा डी.आर. पर ऑनलाइन पैकेज की होस्टिंग के लिए प्रावधान,16 केंद्रों, 1 मुख्यालय और 03-04 नए बनने वाले केंद्रों के लेखांकन यूनिटों हेतु नए सिस्टम के लिए टैली ई.आर.पी. पर कार्यान्वयन शामिल होगा। जब राज्यवार लेखा-जोखा किया जाएगा, तो जी.एस.टी कानून के अनुसार लेखा इकाइयों की संख्या में और भी वृद्धि हो सकती है।

**चरण1(ए) : सेवा मॉडल पर डी.ई.आई.टी, भारत सरकार के साथ नामिकागत क्लाउड सेवा प्रदाता के डी.सी. तथा डी.आर. पर टैली ई.आर.पी होस्टिंग**

**(क)** टैली ई.आर.पी. 9 के लिए विस्तृत होस्टिंग की अपेक्षा निम्नानुसार है :

- सांकेतिक टैली उपयोगकर्ताओं की कुल संख्या 80-100 होगी। यदि अनुबंध 02 वर्ष की अतिरिक्त अवधि के लिए नवीनीकृत किया जाता है, तो वर्ष में उपयोगकर्ताओं और लेनदेनकी संख्या बढ़ेगी।

- टैली को एक सुरक्षित क्लाउड डेटा सेंटर में केंद्रित किया जाएगा, जिसमें सभी उपयोगकर्ता सुरक्षित नेटवर्क के माध्यम से लॉगइन करेंगे और आपातकालीनपरिस्थितियों में सेवा प्रदान करेंगे। आई.टी. आधारिक संरचना को क्लाउड सेवा प्रदाता(सी.एस.पी.) के माध्यम से प्रदान किया जाना चाहिए। भारत के दो अलग-अलग भूकंपीय क्षेत्रों में क्लाउड डेटा सेंटर और डिजास्टर रिकवरी सेंटर को स्थापित किया जाएगा।

- बोलीदाता को डी.ई.आई.टी, भारत सरकारद्वारा नामिकागत क्लाउड सेवा प्रदाता के साथ होस्टेड आवश्यक आई.टी आधारिक संरचना प्रदान करना, कॉन्फिगर और रखरखाव करना है। लागत और समय को इष्टतम करने के लिए क्लाउड सेवा प्रदाता के माध्यम से आई.टी आधारिक संरचना प्रदान की जाएगी, क्योंकि यह क्लाउड सेवा प्रदाता के माध्यम से सेवाएं प्रदान कर सकता है।

- टैली समाधान में उच्चउपलब्धतामाध्यम में उपयुक्त सर्वर होना चाहिए जिसमें सुरक्षा सुविधाओं जैसे फायरवॉल, आई.पी.एस, एस.एस.एल, एंटीमलवेयर, इनक्रिप्शनिट इत्यादि के साथ लोड बैलेंसर हो। आई.टी आधारिक संरचना का विन्यास लेखांकन स्थानों और उपयोगकर्ताओं की संख्या के अनुरूप होना चाहिए।

- डी.आर को एक सेवा(डीआरएएएस) के रूप में प्रदान किया जाना चाहिए, डी.सी से प्राप्त होने वाले सभी एप्लिकेशन सेवाओं को केवल 20% प्रोसेसिंग क्षमता और 100% भंडारण के साथ डी.सी. की अनुपलब्धता के मामले में डी.आर. से एक्सेस किया जाना चाहिए।

- भारत में डी.सी और डी.आर एक अलग भूकंपीय क्षेत्र में होना चाहिए और कम से कम टियर-III मानक का अनुपालन करना चाहिए।

**(ख)<u>टैली समाधान की आपूर्ति, संस्थापना, कॉन्फिगरेशन, एकीकरण,कॅस्टमाइजेशन, परिनियोजन(डिप्लॉयमेंट) और परीक्षण</u>**

- लेनदेन के लिए निफ्ट वित्त प्रभाग द्वारा अधिकृत उपयोगकर्ता के अधिकार के साथ निफ्ट स्थानों के लिए टैली सॉफ्टवेयर और समाधान की आपूर्ति करें।
- बोली लगाने वालालाभ और हानि खाते संक्षिप्त कार्यात्मक कार्य-क्षेत्र के अनुसार टैली एप्लीकेशन की पूरी परियोजना अवधि के दौरान संस्थापना, कॉन्फिगरेशन, एकीकरण, कॅस्टोमाईजेशन, परिनियोजन, परीक्षण और अनुरक्षण सहित सेवाओं की पूरी रेंज के लिए जिम्मेदार होगा।बोलीदाता को निफ्ट-टैली सिस्टम के लिए सभी आवश्यक(मास्टर) फाइलें बनानी चाहिए।
- बोलीदाता इसके लिए एक गैपविश्लेषण रिपोर्ट बनाएगा और परियोजना चार्टर को प्रमुख गतिविधियों में शामिल किया जाएगा।

**(ग) निफ्ट केंद्रों के लिए रिमोट हैंड होल्डिंग सपोर्ट एवं प्रशिक्षण :** निम्नलिखित को शामिल करने के लिए प्रत्येक लोकेशन के लिए रोल आउट किया जाना चाहिए :

- लोकेशन विशिष्ट सूचना के साथ टैली-ऑन क्लाउड एप्लीकेशन को एक्सेस देकर निफ्ट केंद्रों को सक्षम करना।
- क्लाउड संबंधी नए टैली सिस्टम पर सोलह लोकेशन उपयोगकर्ताओं के लिए निफ्टमुख्यालय, नई दिल्ली में एप्लीकेशन प्रशिक्षण प्रदान करना। निफ्ट द्वारा स्थान एवं प्रशिक्षण संबंधी आधारिक संरचना प्रदान किया जाए।

**(घ)बैकअप और रिस्टोर सेवाएं :** बिडर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में शामिल होंगे :

- निफ्टद्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार भंडारण का बैकअप
  - निफ्ट द्वारा अपेक्षानुसार निफ्टके अधिकृत अधिकारी को प्रदान किया जाने वाला ट्रान्जेक्शन एवं मास्टर का बैकअप।

**(ङ)उपयोगकर्ता(यूजर) अधिकार :**समय-समय पर निफ्टद्वारा अधिकृत के रूप में सौंपे जाने वाले 80-100 उपयोगकर्ताओं के उपयोगकर्ता अधिकार।

**(च)रिमोट हेल्पडेस्क सपोर्ट:** बिडर द्वारानिफ्टकार्यालयों में सभी उपयोगकर्ताओं से सभी सपोर्ट काल्स के लिए रिमोट सपोर्ट सुविधा प्रदान करेगा। यह सुविधा प्रात: 10 बजे से सांय 6 बजे(सोमवार से शुक्रवार, राष्ट्रीय और सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर) तक उपलब्ध कराई जाए। बिडर द्वारा कार्य-क्षेत्र के हिस्से के रूप में हेल्पडेस्क के लिए 01

समर्पित (डेडीकेटेड) फोन नं. तथा 01 समर्पित(डेडीकेटेड) ई-मेल आई.डीउपलब्ध कराया जाए।

**चरण** 1(**ख**): **<u>नए सिस्टम और टैली ई.आर.पी के कार्यान्वयन के लिए सभी लेखांकन यूनिटों का माइग्रेशन</u>**

इसमें निम्नलिखित शामिल होंगे :

(i) सभी केंद्रों और मुख्यालय के खातों का समेकन और एकीकरण ताकि ट्रायल बैलेंस, तुलन-पत्र, लाभ एवं हानि खाता को समेकित किया जा सके, तुलन-पत्र तथा लाभ एवं हानि खाता के लिए अनुसूची), टैली डिफॉल्ड फार्मेट के अनुसार नकदी प्रवाह विवरण को जनरेट किया जा सकता है।

(ii) टैली सॉफ्टवेयर की डिफॉल्ट सुविधाओं की निफ्ट के लिए इसकी प्रयोज्यता के अधीन पूर्ण कार्यान्वयन।

(iii) डिफॉल्ट टैली और निफ्ट द्वारा वांछित कार्य-क्षेत्र के अनुसार जनरेट की जा रही वर्तमान रिपोर्टों के एक सिस्टम अध्ययन को रेखांकित करना और डिफाल्ट फीचर के उपयोग की सुविधा के लिए उसी की एक गैप विश्लेषण रिपोर्ट प्रस्तुत करना।.

(iv) निम्नलिखित के लिए निफ्ट की अपेक्षाओं के अनुसार खातों का एक समान कोड डिजाइन करना :

- सभी लेखांकन यूनिटों, लाभ केंद्रों/लागत केंद्रों, प्रभागों, कर्मचारियों, ग्राहकों, विक्रेता एवं बैंक इत्यादि
- निफ्टद्वारा कोड सूचियां प्रदान की जाएगी।

(v) उपर्युक्त (4) का उद्देश्य राजस्व, लागत और लाभप्रदता-लाभ केंद्रवार, लागत केंद्रवार, कर्मचारी-वार एवं आपूर्तिकर्ता-वार और इतने पर जनरेट करना है।

(vi) सभी लेखांकन यूनिटें मुख्यालय का एडमिनिस्ट्रेटॅर होने के साथ उपयोगकर्ता होंगी। टैली 9 ई.आर.पी कंपनियों में सिंक के माध्यम से सभी निफ्ट लेखांकन यूनिटों की इंटरलिंकिंग की स्थापना की अपेक्षा होगी। एडमिनिस्ट्रेटॅर स्तर(यानि मुख्यालय) पर समेकन और सिंक वास्तविक समय के आधार पर किया जाना चाहिए।

(vii) यूनिफॉर्म चार्ट लेखा, लेजर, सब-लेजर्स के माध्यम से यूनिफॉर्म अकाउंटिंग सिस्टम का कार्यान्वयन। मुख्यालय स्तर पर अधिकृत लोगों को चार्ट ऑफ अकाउंट्स में संशोधन के लिए एक्सेस नियंत्रण को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए।

(viii) दिनांक 01/04/2019 तक निश्चित रूप से ओपनिंग बैलेंसेस को निफ्ट टीम के सहयोग से क्लाउड पर प्रत्येक केंद्र के लिए पुराने सिस्टम से नए सिस्टम पर माइग्रेट किया जाएगा।

(ix) किसी भी स्तर पर किसी भी लेन-देनके प्राधिकार/अनुमोदन के लिए प्रावधान निफ्ट की अपेक्षा के लिए विशिष्ट एडमिनिस्ट्रेशन कंट्रोल को डिजाइन करने के माध्यम से संभव होना चाहिए।

(x) सॉफ्टवेयर का इस प्रकारकॅस्टमाइजेशन जहां कोई भी प्राधिकार के निरपेक्ष ट्रांजेक्शन को बदल अथवा हटा न सके।

(xi) ट्रांजेक्शन लॉग रिपोर्ट, का उपयोग करके सभी ट्रांजेक्शन(ऐड, अपडेट और डिलीट) का पूरा ऑडिट ट्रायल बनाए, ताकि परियोजना की अवधि के दौरान डेटा में त्रुटियों को अथवा अन्यथा पता(ट्रेस) तथा ठीक(रिवर्स) किया जा सके।

(xii) यह सुनिश्चित करने के लिए एक्सेस कंट्रोल प्रदान किया जाना चाहिए कि डेटाबेस को सिस्टम ऑपरेटरों अथवा डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा छेड़छाड़(टेम्पर्ड) अथवा संशोधित(अमेंडमेंट) नहीं किए

जाते हैं।

(xiii) निफ्ट-टैली डिजाइन ऐसा होना चाहिए, जिसमें इंटरनेट ब्राउजर के अलावा यूजर्स इंड में, यदि आवश्यक हो, तो न्यूनतम संस्थापनाकी अपेक्षा होती है। निफ्ट-टैलीसिस्टम को इंटरनेट एक्सप्लोरर, मोजिला और क्रोम जैसे सामान्य ब्राउजरों का समर्थन करना चाहिए।

**चरण2: निफ्टअपेक्षाओं के अनुसार कॅस्टमाइजेशन**

(i) सभी केंद्रों, लागत केंद्रों और मुख्यालय तथा अन्य वित्तीय रिपोर्टिंग, तुलन-पत्र, लाभ एवं हानि खाता, तुलन-पत्र और लाभ एवं हानि के लिए अनुसूचियां,खातों के हिस्से के रूप में तैयार किए गए नोट्स में नकदी प्रवाह विवरण एवं लेखांकन की दी गई जानकरी का एकीकरण इसके बाद निफ्ट द्वारा प्रारूप के अनुसार जनरेट किया जा सकता है।

(ii) आवधिक जी.एस.टी का भुगतान और आवधिक जी.एस.टी रिटर्न दाखिल करने के संबंध में जी.एस.टी के अंतर्गत अनुपालन के लिए जी.एस.टी कानून के अनुसार लेखांकन की अपेक्षा को पूरा करना।

(iii) टैली से सीधे प्रिंट, एक्सपोर्ट, मेल इनवाइस सुविधा के साथ अपने ग्राहकों के लिए जी.एस.टी कानून ओर निफ्ट अपेक्षाओं के अनुपालन में इनवाइस/डेबिट नोट/क्रेडिट नोट/भुगतान/रिसिप्ट का सृजन।

(iii) जी.एस.टी के संबंध में आवधिक आधार पर सांविधिक अनुपालन रिपोर्ट का सृजन।

(iv) वाउचर में प्रविष्टि करते समय टी.डी.एस की ऑटो गणना को सुविधाजनक बनाने के लिए विशेष रूप से राजस्व लेखा शीर्ष के अंतर्गत बुक किए गए भुगतान के लिए लेखांकन सॉफ्टवेयर में पूर्व-निर्धारित टी.डी.एस दरों को फीड किया जाना है।

(v) निफ्ट द्वारा निर्धारित सीमा के अनुसार किसी भी प्रकार के वाउचर की प्रविष्टि हेतु बहु अनुमोदन स्तरों का निर्माण।

(vi) निर्माण से परिवर्तन और अंतिम परिवर्तन जैसे उपयोगकर्ता, उपयोगकर्ता कर्मचारी की आई.डी. तक तरीके वाउचर पर नजर रखना,परिवर्तन तथा परिवर्तन तिथि के कारण और परिवर्तन रिपोर्ट का सृजन करना।

(vii) बैंक पोर्टल से एक्सेल प्रारूप में डाउनलोड किए गए बैंक विवरण से ऑटो बैंक समाधान(रिकॉन्सिलेशन)।

(viii) आय एवं व्यय फील्ड के प्रति संपूर्ण रूप से निफ्ट के बजट डेटा(बी.ई/आर.ई) में डालने और कुंजी लगाने का प्रावधान और जब खर्च एक बार निर्धारित बजट सीमा से अधिक हो, तो संबंधित आय तथा व्यय शीर्ष की फलैगिंग।

(ix) निफ्टअपेक्षाओं के अनुसार प्रमुख(की) वित्तीय प्रदर्शन(परफॉरमेंस) अनुपात की गणना और सृजन।

(x) अंतर-यूनिट लेन-देनएवं खाता समाधान में सहायता करना।

(xi) कॅस्टमाइज्ड लेखांकन सॉफ्टवेयर में फीड पूर्व-निर्धारित मूल्यह्रास दरों पर प्रत्येक महीने के अंत में स्थायी परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास की ऑटो गणना।

(xii) निफ्ट की रिपोर्टिंग और एम.आई.एस की अपेक्षा के अनुसार मुख्यालय में समेकित वित्तीय रिपोर्ट तैयार करना। यह एम.आई.एस वरिष्ठ प्रबंधन को उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

(xiii) निफ्टद्वारा उपलब्ध कराएगए पुराने टैली डेटा के संग्रह के लिए कॅस्टमाइज्डसमाधान और निफ्ट द्वारा अधिकृत के रूप एक्सेस।

(xiv) निफ्ट की अपेक्षानुसार समय-समय पर अपडेट के साथ उपयोगकर्ताओं के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के साथ कॅस्टमाइज्ड टैली ई.आर.पी 9 का एक विस्तृत उपयोगकर्ता मैनुअल तैयार करना।

(xv) विक्रेता को आउटसोर्स डेटा केंद्र पर टैली ई.आर.पी 9 के उपयोग पर 3 दिनों के लिए मुख्यालय में आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना आवश्यक होगा और दिन-प्रतिदिन के मुद्दों को संबोधित करना भी शामिल है। निफ्ट द्वारा स्थान और प्रशिक्षण आधारिक संरचना प्रदान की जाएगी।

(xvi) इनवाइस प्रिंटिंग और जनरेशन, रिसिप्ट प्रिंटिंग एवं लेखांकन हेतु सी.एम.एस(प्रत्येक केंद्र पर फीस तथा रिसिप्ट सिस्टम हेतु) टैली सॉफ्टवेयर का एकीकीरण।

**चरण 3:<u>पोस्ट गो-लिव अर्थात् चरण 1 तथा 2 का संतोषजनक समापन(आवर्ती लागत- टैली सॉफ्टवेयर, आई.टी. ऑन क्लाउड तथा ए.एम.सी)</u>**

(i) बोली लगाने वाला संविदा अवधि के दौरान व्यापक सहायता प्रदान करेगा जिसमें शामिल हैं -

- एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर अनुरक्षण और सहायता(सपोर्ट)
- सभी लाइसेंसी सॉफ्टवेयर हेतु वार्षिक तकनीकी सहायता(ए.टी.एस)
- डेटा सेंटर तथा डिजास्टर रिकवरी सेंटर में टैली सॉल्यूशन के लिए बोलीदाता के द्वारा प्रदान और कमीशन किए गए बुनियादे ढांचे के लिए संचालन और अनुरक्षण सेवाएं
- सहायता(सपोर्ट) काल्स के लिए रिमोट हेल्पडेस्क
- आवधिक रिपोर्टिंग

(ii) पैकेज के सुचारू रूप से संचालन के लिए, संतोषजनक ढंग से कार्यान्वयन की तिथि से 01 वर्ष के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध विक्रेता द्वारा निफ्ट को प्रदान किया जाएगा। संतोषजनक प्रदर्शन(परफॉर्मेंस) के आधार पर अधिकतम 03 वर्ष तक की अवधि के लिए विस्तार किया जा सकता है।

(iii) ए.एम.सी में निम्नलिखित घटक शामिल होंगे :

बग रिजॉल्यूशन-जब और जहां आवश्यक हो,निफ्ट के किसी भी कर्मचारियों के किसी भी मुद्दे/प्रश्न/समस्या के लिए तकनीकी सहायता का प्रावधान।

(iv) मौजूदा लेखांकन सॉफ्टवेयर में किसी भी वैधानिक कानून/कार्यात्मक अपेक्षा में परिवर्तन के कारण किसी भी संशोधन को शामिल करने की अपेक्षा है।

(v) जब कभी अपेक्षा पड़ने पर निफ्ट के किसी कर्मचारी के किसी प्रश्न/समस्या का सामना करने पर तकनीकी सहायता का प्रावधान और जिसे आवधिक (2 कार्यदिवसों के भीतर) आधार पर समाधान किए जाने की अपेक्षा है।

(vi) रिमोट हेल्पडेस्क टीम रिमोट सपोर्ट/टेलिफोनिक सपोर्ट के माध्यम से सभी प्रश्नों को हल करेगी।

**टिप्पणी**: किसी भी अतिरिक्त कार्य एवं प्रशिक्षण के मामले में यह कोट किए गए मानव-दिवस दरों पर कराया जाएगा और कार्य/प्रशिक्षण के संतोषजनक समापन पर भुगतानकिया जाएगा। इस प्रकार की गतिविधियों के लिए समय सीमा पर परस्पर सहमति होगी।

**6. निबंधन और शर्तें :**

(क) निविदा दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ पर बोलीदाता के हस्ताक्षर किया जाना अपेक्षित है। निविदा के साथ समर्थन में संलग्न दस्तावेजों / प्रमाणपत्रों पर भी बोलीदाता हस्ताक्षर करेगा।

(ख) बयाना जमा राशि के बिना निविदा को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

(ग) सफल बोलीदाता की बयाना जमा राशि निष्पादन गारंटी /प्रतिभूति जमा में परिवर्तित कर दी जाएगी।

(घ) निविदा केवल निर्धारित/सरकारी निविदा दस्तावेज में प्रस्तुत की जाएगी। किसी अन्य रूप में प्रस्तुत निविदा को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

(ङ) निविदा दस्तावेजों पर स्पष्ट अक्षरों में लिखा जाए और मिटाने, सुधार और ऊपरी-लेखन से मुक्त होने चाहिए, अन्यथा बोली अस्वीकार कर दी जाएगी।

(च) यदि ऊपर उल्लिखित कोई भी तारीख छुट्टी का दिन होता है, तो अगला कार्य दिवस प्रासंगिक तारीख होगी।

(छ) निफ्ट का बिना कोई कारण बताए किसी भी/सभी निविदाओं को स्वीकार करने/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

(ज) निफ्ट का बिना कोई कारण बताए किसी भी समय सॉफ्टवेयर विक्रेता के चयन से पहले इस निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है और निविदा निरस्त होने के कारण निविदाकार किसी भी क्षति या मुआवजे का दावा करने का पात्र नहीं होगा।

(झ) यह निविदा केवल दिल्ली में स्थानीय न्यायालयों के अधिकार-क्षेत्र के अधीन है। निविदा से उपजे सभी विवादों का अधिकार-क्षेत्र केवल दिल्ली में स्थानीय न्यायालय होंगे।

(ञ) तकनीकी बोली के साथ-साथ वित्तीय बोली यदि एक ही लिफाफे में प्राप्त होती हैं तो ऐसी निविदा को निरस्त कर दिया जाएगा।

(ट) निफ्ट, संतोषजनक निष्पादन होने पर, संविदा को `अधिकतम अतिरिक्त 02 वर्षों के लिए बढ़ा सकती है।

उद्धृत की गई दरें 3 वर्ष के लिए मान्य होंगी। प्रत्येक वर्ष के अंत में, अगले वर्ष के लिए शुल्क में 5% की वृद्धि की जाएगी।

7. **वित्तीय बोली दिशा-निर्देश:**

(क) जब तक स्पष्ट रूप से संकेत नहीं दिया जाता है, तब तक बोलीदाता को वित्तीय बोली में सेवाओं के बारे में कोई तकनीकी जानकारी शामिल नहीं करनी चाहिए।

(ख) वित्तीय बोली के हिस्से के रूप में, बोलीदाताओं को इस निविदा के अनुबंधित वित्तीय बोली प्रारूप में उल्लिखित सभी घटकों के लिए अनिवार्य रूप से कोटेशन देनी होगी।

(ग) बोलीदाताओं को किसी भी अलग छूट का उल्लेख नहीं करने की सलाह दी जाती है। छूट, यदि कोई हो, उद्धृत कीमतों के साथ विलय की जानी  चाहिए। इस निविदा के मूल्यांकन के लिए किसी भी प्रकार की छूट पर अलग से विचार नहीं किया जाएगा।

(घ) बोलीदाता को निविदा में उल्लिखित अनुसार ही मूल्य उद्धृत करना चाहिए, जिसके न होने पर बोली अस्वीकृत की जा सकती है। दर/लागत को शब्दों के साथ-साथ आंकड़ों में भी दर्ज किया जाए।

(ङ) बोली में उद्धृत मूल्य दृढ़ और अंतिम होना चाहिए और किसी भी ऊपरी आशोधन के अध्यधीन नहीं होना चाहिए। वित्तीय बोली मूल्य (आशय पत्र में उल्लिखित) में किसी भी भिन्नता के आधार पर, सेवा-कर घटक को छोड़कर, कोई ऊपरी समायोजन नहीं किया जाएगा। समायोज्य मूल्य उद्धरण या सशर्त बोली सहित प्रस्तुत की गई बोली को गैर-प्रत्युत्तर के रूप में निरस्त किया जा सकता है।

(च) निविदाकारों/ठेकेदारों द्वारा उद्धृत दरें जीएसटी से अनन्य होनी चाहिए और उनका भुगतान दरों की अनुसूची के ऊपर निगम द्वारा देय होगा।

(छ) कीमतों का उद्धरण पूर्ण रूप से भारतीय रुपए में उद्धृत किया जाना चाहिए और जीएसटी को छोड़कर लागू दरों, करों और जेबी खर्चों (यात्रा व्यय, आवास और भोजन, महंगाई भत्ते, स्थानीय परिवहन आदि) को शामिल किया जाए।

(ज) वित्तीय बोली में उद्धृत मूल्य में श्रम और सामग्रियों की लागतों में भिन्नता, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा में मुद्रा विनिमय के उतार-चढ़ाव या समझौते के अंतर्गत दायित्वों को पूरा करने में कुल लागत को प्रभावित करने वाले किसी भी अन्य लागत घटक का कोई समायोजन नहीं किया जाएगा।करार की अवधि के दौरान, किसी भी विदेशी मुद्रा की तुलना में भारतीय मुद्रा के उतार-चढ़ाव के कारण कीमतों में उतार-चढ़ाव के लिए कोई खंड स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(झ) बोली राशि में पैकिंग, अग्रेषण, परिवहन,  गो लाइव तक बीमा, वितरण शुल्क और लागू होने वाले कोई भी अन्य शुल्क सम्मिलित होंगे।

(ञ) किसी भी प्रकार के विलम्ब के कारण होने वाली सभी लागत, बोलीदाता द्वारा वहन की जाएगी।

(ट) निफ्ट का, बोलीदाता को किसी भी कर, शुल्क, लेवी के बारे में निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर भुगतान का प्रमाण प्रस्तुत करने के लिए कहने का अधिकार सुरक्षित है।

(ठ) यदि किसी भी सेवा के लिए मूल्य को वित्तीय बोली में स्पष्ट रूप से उद्धृत नहीं किया गया है या शून्य के रूप में उल्लेख किया गया है, तो यह माना जाता है कि उस विशेष कारक के लिए मूल्य को किसी अन्य सेवा तत्व में अवशोषित किया गया है, जिसके लिए मूल्य उद्धृत किया गया है और निफ्ट को बिना किसी अतिरिक्त मूल्य के, उन सेवाओं को प्राप्त करने का अधिकार होगा जिनके लिए कोई भी कीमत उद्धृत नहीं की गई अथवा शून्य के रूप में उद्धृत की गई थी।

(ड) यदि करों या किसी अन्य लागू प्रभारों को स्पष्ट रूप से इंगित नहीं किया जाता है, तो यह माना जाएगा कि उद्धृत मूल्य में उन्हें समाहित किया गया है और मूल्यांकन के दौरान या करार पर हस्ताक्षर करते समय इन प्रभारों को अलग करने पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ढ) केवल उन बोलीदाता को जिनकी तकनीकी बोलियां पर्याप्त रूप से अनुकूल पाई गई हैं, उन्हें निफ्ट द्वारा उनकी अनुकूलता के बारे में सूचित किया जाएगा। वित्तीय बोली, संबंधित बोलीकर्ताओं को सूचित निर्दिष्ट तारीख और समय पर, बोलीदाताओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएगी।

(ण) बोलीदाता के नाम, बोली की कीमतें, प्रत्येक बोली की कुल राशि और अन्य विवरण जिन्हे निफ्ट उपयुक्त समझे, की घोषणा खोलने पर की जाएगी और रिकॉर्ड की जाएगी।

**8. समय-सीमा और भुगतान शर्तें:**

- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार में सूचीबद्ध क्लाउड पर केंद्रीयकृत होस्ट सेवा प्रदाता आंकड़ा केंद्र और पूर्ण ग्राहकीकरण सहित डिजास्टर रिकवरी साइट से टैली ईआरपी -9 (लाइन पैकेज पर बहु-प्रयोगकर्ता लाइसेंस) के सफल कार्यान्वयन के लिए कुल अपेक्षित समय सीमा, संविदा देने (टेस्ट रन सहित) की तारीख से, यथा वांछित, चरण 1 और 2 में 10-12 सप्ताह है। चरण 3 संविदा देने की तारीख से 02 सप्ताह में प्रारम्भ होगा। संविदा की अवधि संविदा की तारीख से 01 वर्ष है जिसे अधिकतम 03 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

- विभिन्न कार्यों की पूर्णता की समय-सीमा निम्नानुसार है :

| **क्र. सं** | **कार्य** | **समय-सीमा** | **घटनाक्रम** |
|---|---|---|---|
| 1 | चरण 1 (क) | 02 सप्ताह | क के अंतर्गत यथा उल्लिखित प्रभारों का 30% |
| 2 | चरण 1 (ख) | 03 सप्ताह | क के अंतर्गत यथा उल्लिखित प्रभारों का 30% |
| 3 | चरण 2 | 6-7 सप्ताह | क के अंतर्गत यथा उल्लिखित |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | प्रभारों का 40% |
| 4 | क्लाउड डीसी और डीआर के लिए पुनरावर्ती प्रभार | निफ्ट द्वारा यथा अनुमोदित सक्रियण की तारीख से | तिमाही आधार पर |
| 5. | रिमोट हेल्पडेस्क और तकनीकी सहायता के लिए पुनरावर्ती प्रभार | निफ्ट द्वारा यथा अनुमोदित सक्रियण की तारीख से | तिमाही आधार पर |

बोलीदाता को भुगतान निफ्ट सेप्रत्येक काम की पूर्णता का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने के अधीन उपरोक्त उल्लिखित समयसीमा के अनुसार किया जाएगा।

**अनुबंध 1**

**तकनीकी बोली**

(इस निविदा की अंतिम तिथि के अनुसार विवरण प्रदान किया जाए)

**सामान्य जानकारी**

1 बोलीदाता का नाम:

2. संपर्क व्यक्ति:

3. पंजीकृत कार्यालय का पता:

4. संपर्क नंबर:

5. आधिकारिक ईमेल आईडी

:

**पात्रता मापदंड**

1. क्या बोलीदाता पात्रता मानदंड को पूरा करता है (नहीं / हां)
2. कितने वर्षों का अनुभव है:
3. बोलीदाता के पंजीकरण की तिथि:
4. बोलीदाता का स्वामित्व :(नहीं / हां)
   - कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत भारत में एक पंजीकृत कंपनी / एलएलपी; या
   - एक पंजीकृत भागीदारी फर्म; या
   - एक एकल स्वामित्व ; या
   - एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम / सांविधिक निकाय

5. क्या बोलीदाता टैली परियोजनाओं को संभालने के लिए पांच सितारा जीवीएलए टैली साझेदार है:

6. क्या बोलीदाता को किसी राज्य सरकार, केंद्र सरकार या किसी अन्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या निगम या किसी अन्य केंद्र या राज्य सरकार का स्वायत्त संगठन ने विवर्जित किया गया है या काली सूची में डाला है:

7. क्या बोलीदाता का औसत लाभ पिछले तीन वर्षों अर्थात 2015-16, 2016-17 और 2017-18 में रुपए5 लाख है:

8. क्या बोलीदाता के पास इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार में सूचीबद्ध क्लाउड आंकड़ा केंद्र पर टैली के कार्यान्वयन के लिए विगत 3 वर्षों में निष्पादन/रोल-आउट का अनुभव है जिसमें से कम से कम एक परियोजना सरकार/3000 या उससे अधिक कर्मचारी वाले सार्वजानिक क्षेत्र उपक्रम की हो जिसके भारत भर में न्यूनतम 17 स्थानों पर कम से कम 125+ टैली उपयोगकर्ता होजिसका समान कार्य-क्षेत्र वाली एक विशिष्ट परियोजना में पीओ मूल्य 1 करोड़ या उससे अधिक हो।

9. क्या बोलीदाता के पास सरकार/इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार में सूचीबद्ध क्लाउड पर सॉफ्टवेयर अनुप्रयोग का भारत भर में 17 से अधिक स्थानों पर विगत 02 वर्ष में 01 सरकारी आदेश के सफल संचालन और पूर्णता का अनुभव है।

10. क्या वह आंकड़ा केंद्र जिसपर निफ्ट की टैली को होस्ट किया जाएगा, वह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार में सूचीबद्ध है।

11. क्या बोलीदाता का वार्षिक कारोबार पिछले तीन वर्षों 2015-16, 2016-17 और 2017-18 में रुपये 1 करोड़ से अधिक है:

12. क्या बोलीदाता का दिल्ली में पंजीकृत कार्यालय है

13.क्या बोलीदाता आईएसओ 9001 प्रमाणित है :

14. क्या बोलीदाता ने पैरा 4 में पात्रता मानदंड के अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं

# वित्तीय बोली

**अनुबंध II**

| **वित्तीय बोलीदाता का नाम:** | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| **क्र. सं.** | **विवरण** | **प्रति इकाई दर** | मात्रा | लागत | कर की दर (%) | कर का नाम | कर | कुल लागत |
| **1** | **2** | **3** | **4** | **3*4=5** | **6** | **7** | **8** | **5+8=9** |
| | चरण 1 (क), 1(ख) और 2 | | | | | | | |
| | **एकबारगी लागत** | | | | | | | |
| 1 | असीमित उपयोगकर्ताओं के लिए टैली इआरपी 9 गोल्ड बहु-प्रयोगकर्ता लाइसेंस का सॉफ्टवेयर लाइसेंस | | 1 | | | | | |
| 2 | टैली सर्वर 9 | | 1 | - | | | | |
| 3 | चरण -1 और 2 डिलिवरेबल्स के अनुसार टैली को कॉन्फ़िगर करना | | एकमुश्त | | | | | |
| 4 | प्रारंभिक आईटी अवसंरचना स्थापनालागत | | एकमुश्त | | | | | |
| 5 | 16 स्थानों और निफ्ट मुख्यालय के लिए रिमोट हैंडहोल्डिंग | | एकमुश्त | | | | | |
| 6 | 16 निफ्ट केंद्रों के अधिकारियों के लिए निफ्ट मुख्यालय में प्रशिक्षण | | एकमुश्त | | | | | |
| | कुल एकबारगी लागत (ए) | | | | | | - | - |
| | आवर्ती लागत | | | | | | | |
| 1 | आवर्ती लागतें - क्लाउड और प्रबंधित सेवाओं पर आईटी इन्फ्रा | | | | | | | |
| | मासिक प्रभार | | 12 | | | | | |
| 2 | रिमोट हेल्पडेस्क और तकनीकी सहायता | | | | | | | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | मासिक प्रभार | | 12 | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | कुल आवर्ती लागत (**ख**) | | | | | | - | |
| कुल = **क+ ख** | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| टिप्पणी: | | | | | | | | |

1. वाणिज्यिक बोलियाँ, जो कि सभी लागू करों सहित औसत बोली मूल्य के 30% से कम हैं उन्हें अयोग्य घोषित किया जाएगा। औसत बोली मूल्य सभी योग्य बोलीदाताओं के सभी लागू करों सहित कुल वाणिज्यिक बोली को जोड़कर और बोलीदाता की संख्या से विभाजित करके गणना की जाती है।

2. सभी प्रकार और नाम के कर वित्तीय बोली में स्पष्ट रूप से दर्शाए जाएंगे